AMAR BAL VIDHYA MANDIR SEC. SCHOOL

B45 – 46 Goverdhanpuri, Galta Gate, Jaipur

Email: deavkinandansharma@gmail.com Phone: 9828036944

www.amarbalvidhyamandirjpr.buzz

# हिंदी

## संज्ञा

**किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान या मन के भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं |**

**जैसे:- मुकेश, जयपुर, उदासी, आदि|**

**संज्ञा के तीन भेद होते हैं-**

1. **जातिवाचक संज्ञा :-** जिस शब्द से किसी विशेष व्यक्ति, वस्तु या स्थान के नाम का बोध हो उसे व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं।

जैसे-

**व्यक्ति का नाम**-रवीना, श्याम, हरि, सचिन आदि।

**वस्तु का नाम**- कार, टाटा चाय, रामायण आदि।

**स्थान का नाम**-ताजमहल, कुतुबमीनार, जयपुर आदि।

**दिशाओं के नाम**- उत्तर, पश्चिम, दक्षिण, पूर्व।

**देशों के नाम**- भारत, जापान, अमेरिका ।

**राष्ट्रीय जातियों के नाम**- भारतीय, रूसी, अमेरिकी।

**समुद्रों के नाम**- हिन्द महासागर, प्रशान्त महासागर।

**नदियों के नाम**- गंगा, ब्रह्मपुत्र, बोल्गा, कावेरी ।

**पर्वतों के नाम**- हिमालय, अलकनन्दा ।

**नगरों, चौकों और सड़कों के नाम-** वाराणसी, गया, चाँदनी चौक, हरिसन रोड, अशोक मार्ग।

**पुस्तकों तथा समाचारपत्रों के नाम-** रामचरितमानस, ऋग्वेद, धर्मयुग, इण्डियन नेशन ।

**ऐतिहासिक युद्धों और घटनाओं के नाम-** पानीपत की पहली लड़ाई, अक्तूबर-क्रान्ति।

**दिनों, महीनों के नाम-** मई, सोमवार, मंगलवार।

**त्योहारों, उत्सवों के नाम-** दीवाली, रक्षाबन्धन ।

2. **जातिवाचक संज्ञा :-**

बच्चा, जानवर, नदी, अध्यापक, बाजार, गली, पहाड़, खिड़की, स्कूटर आदि शब्द एक ही प्रकार प्राणी, वस्तु और स्थान का बोध करा रहे हैं। इसलिए ये 'जातिवाचक संज्ञा' हैं।

इस प्रकार-

जिस शब्द से किसी जाति के सभी प्राणियों या प्रदार्थो का बोध होता है, उसे जातिवाचक संज्ञा कहते है।

जैसे- लड़का, पशु-पक्षयों, वस्तु, नदी, मनुष्य, पहाड़ आदि ।

3. भाववाचक संज्ञा - जिन संज्ञा शब्दों से पदार्थों की अवस्था , गुण – दोष , धर्म , दशा , आदि का बोध हो वह **भाववाचक संज्ञा** कहलाता है। जैसे –

- बुढ़ापा – बुढ़ापा जीवन की एक अवस्था है।
- मिठास – मिठास मिठाई का गुण है।
- क्रोध – क्रोध एक भाव या दशा है।
- हर्ष – हर्ष एक भाव या दशा है।
- बालपन – बालपन बालक का गुण है अथवा एक दशा और अवस्था है।
- मोटापा – मोटापा एक अवस्था है जो मोटापे का इंगित करता है।

प्र 1. सही विकल्प पर (v) का चिन्ह लगाओ-

1. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द संज्ञा है ?

१ कुध

२ क्रोधी

३ क्रोध (v)

४ क्रोधित

2. व्यक्तिवाचक संज्ञा की पहचान करिये।

१ गाय

२ पहाड़

३ यमुना (v)
४ आम

3. जातिवाचक संज्ञा की पहचान करिये।

१ जवान (v)

२ सुन्दर

३ बालक

४ मनुष्य

प्र 2. संज्ञा किसे कहते है ?

**उत्तर. किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान या मन के भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं |**

**जैसे:- मुकेश, जयपुर, उदासी, आदि |**